**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-6**
**उत्तर देने की तारीख-22/07/2024**

## समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अवसंरचना और मूलभूत सुविधाएं

**†6. श्री जी. सेल्वमः**
**श्री सी. एन. अन्नादुरईः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत विद्यालयों में बड़ी मरम्मत के लिए संस्वीकृत और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य के कितने विद्यालयों में मरम्मत कार्य किया गया और अवसंरचनात्मक सुविधाओं में वृद्धि की गई;
(ग) क्या सरकार ने विद्यालयों में शौचालयों के निर्माण के लिए भी कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;
(घ) यदि हां, तो राज्य में कितने शौचालयों का निर्माण किया गया है;
(ङ.) विद्यालयों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए शौचालयों के निर्माण की तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या स्थिति है और यह उनके लिए कब तक उपलब्ध हो जाएंगे; और
(च) सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में छात्रों को स्वच्छ पेयजल और शौचालय सहित अच्छी अवसंरचना और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): तमिलनाडु में समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्कूलों में पिछले 3 वर्षों अर्थात 2021-22, 2022-23, 2023-24 और चालू वर्ष 2024-25 के दौरान प्रमुख मरम्मत के लिए संस्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

| क्र.सं | कार्यकलाप | वर्ष | आवंटन (लाख में) | व्यय (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख मरम्मत | 2021-2022 | 0.00 | 0.00 |
| | | 2022-2023 | 1575.75 | 141.00 |
| | | 2023-2024 | 0.00 | 0.00 |
| | | 2024-2025 | 11153.60 | 0.00 |
| **कुल** | | | **12729.35** | **141.00** |

**(ख)**: तमिलनाडु राज्य में वर्ष **2018-19** से **2024-25** के जून **2024** तक समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रमुख मरम्मत और अवसंरचना सुविधाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है।

| समग्र शिक्षा के तहत जून 2024 तक प्रमुख मरम्मत और अवसंरचना सुविधाओं का ब्यौरा - तमिलनाडु | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं** | **कार्यकलाप** | **संस्वीकृत (स्कूलों की सं.)** | **पूरा हो चुका (स्कूलों की सं.)** |
| 1 | प्रमुख मरम्मत | 4171 | 1378 |
| 2 | पुरुष शौचालय | 3096 | 2239 |
| 3 | महिला शौचालय | 5329 | 2891 |
| 4 | *सीडब्ल्यूएसएन शौचालय | 4246 | 3486 |
| 5 | रैंप | 10857 | 10584 |
| 6 | पेयजल | 831 | 831 |
| **कुल** | | **28530** | **21409** |

* **सीडब्ल्यूएसएन – विशेष आवश्यकता वाले बच्चे**

**(ग) और (घ):** शुरूआत से लेकर जून 2024 तक (एसएसए/आरएमएसए/समग्र शिक्षा) तमिलनाडु के लिए 28910 पुरुष शौचालय, 30603 महिला शौचालय और 14154 सीडब्ल्यूएसएन शौचालय संस्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 28053 पुरुष शौचालय, 28165 महिला शौचालय और 13394 सीडब्ल्यूएसएन शौचालय जून 2024 तक पूरे हो चुके हैं।

**(ड.)**: केंद्र सरकार वर्ष **2018-19** से केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना कार्यान्वित कर रही है, जिसमें सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) की पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है। समग्र शिक्षा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को मौजूदा सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ करने और अंतर विश्लेषण

के आधार पर स्कूलों में पेयजल और शौचालय सहित अवसंरचना सुविधाओं के निर्माण और संवर्धन हेतु सहायता प्रदान करती है।

जून **2024** तक राज्यवार/संघ राज्य क्षेत्रवार बालिकाओं के लिए पृथक शौचालयों का संचयी ब्यौरा अनुलग्नक में है।

**(च)**: समग्र शिक्षा योजना सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल और शौचालय सहित अवसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए सहायता करती है। इस संबंध में, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं प्रत्येक वर्ष के प्रारंभ में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) तैयार किया जाता है। इन योजनाओं को पुनः योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों और बजटीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा मूल्यांकन/अनुमोदन किया जाता है।

*****

**अनुलग्नक**

**समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में अवसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के संबंध में, श्री श्री सेल्वम जी और श्री सी एन अन्नादुरई द्वारा 22 जुलाई 2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (ड़) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| जून 2024 तक बालिकाओं के लिए पृथक शौचालयों की संचयी स्थिति | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अनुमोदन** | **पूरा हो चुका** |
| 1 | अंडमान निकोबार द्वीपसमूह | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 21723 | 21362 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3716 | 3633 |
| 4 | असम | 45674 | 44752 |
| 5 | बिहार | 51095 | 45807 |
| 6 | चंडीगढ़ | 4 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 38711 | 36834 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 260 | 258 |
| 9 | दिल्ली | 825 | 626 |
| 10 | दमन दीव – दादरा नगर हवेली | 29 | 29 |
| 11 | गोवा | 717 | 708 |
| 12 | गुजरात | 20512 | 20033 |
| 13 | हरियाणा | 12629 | 12442 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 10858 | 10410 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 19676 | 18550 |
| 16 | झारखंड | 17574 | 17432 |
| 17 | कर्नाटक | 25822 | 25762 |
| 18 | केरल | 8851 | 8522 |
| 19 | लद्दाख | 103 | 50 |
| 20 | लक्षद्वीप | 10 | 9 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 68706 | 65733 |
| 22 | महाराष्ट्र | 26052 | 23509 |
| 23 | मणिपुर | 5369 | 4491 |
| 24 | मेघालय | 6265 | 5576 |
| 25 | मिजोरम | 3803 | 3620 |
| 26 | नगालैंड | 2478 | 2425 |
| 27 | ओडिशा | 54152 | 49729 |
| 28 | पुडुचेरी | 154 | 151 |
| 29 | पंजाब | 9405 | 8255 |
| 30 | राजस्थान | 11896 | 11468 |
| 31 | सिक्किम | 759 | 677 |
| 32 | तमिलनाडु | 30603 | 28165 |
| 33 | तेलंगाना | 15072 | 14189 |
| 34 | त्रिपुरा | 4173 | 4067 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 18367 | 14432 |
| 36 | उत्तराखंड | 16866 | 16309 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 43769 | 43121 |
| **कुल** | | **596678** | **563136** |

****